पंजाब केसरी 25/04/2025



जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित इंटरएक्टिव ई.आर.पी. प्रशिक्षण सत्र के दौरान कॉलेज स्टाफ को संबोधित करते विशेषज्ञ अमितोज।

# जी.एम.एन. कॉलेज में करवाया गया इंटरएक्टिव ई.आर.पी. प्रशिक्षण सत्र

अम्बाला, 24 अप्रैल (बलराम): कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत जी.एम.एन. कॉलेज की ई.आर.पी. समिति द्वारा एक इंटरएक्टिव ई.आर.पी. प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दक्षता के लिए स्टाफ की ई.आर.पी. सिस्टम उपयोग करने की क्षमता को सुदृढ़ करना था। इस प्रशिक्षण सत्र में विशेषज्ञ अमितोज ने प्रतिभागियों को ई.आर.पी. प्रणाली की विभिन्न कार्यप्रणालियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा कॉलेज की आवश्यकताओं के अनुरूप बेहतरीन प्रयोगों और रियल टाइम एप्लिकेशनों को उजागर किया।

सभा को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने स्टाफ सदस्यों को ई.आर.पी. सिस्टम से सक्रिय रूप से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संस्थागत प्रक्रियाओं को सुचारू बनाने एवं समग्र उत्पादकता को बढ़ाने में ई.आर.पी. की भूमिका को रेखांकित किया। इस सत्र में ई.आर.पी. समिति के सभी सदस्यों ने तकनीकी सहायता प्रदान कर कार्यक्रम के सुचारू संचालन को सुनिश्चित किया।